हरिभूमि
# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि
रोहतक, शनिवार, 19 अप्रैल 2025

11 अस्पताल में दी कर्मचारियों को आग से बचाव की जानकारी



12 अटेली नपा के उपप्रधान पद का चुनाव स्थगित



MR SCHOOL Affiliated to CBSE MITTERPURA | ATELI
A Name of Dedication, Hardwork and Sincerity
॥ तमसो मा ज्योतिर्गमय ॥
कोटा की FACULTY अब MR SCHOOL ATELI में JEE / NEET COACHING with KOTA Faculty Experts
ADMISSION OPEN Session 2025-26
अब MR में स्कूल व कोचिंग साथ-साथ
SAMBHAV CLASSES VI to X Foundation Classes | XI to XII JEE / NEET
Special Coaching for CLAT / NDA CA-CPT OLYMPIAD
MITTERPURA, NARNAUL (HR.) 9466945658, 9416903367 mrps530543@gmail.com www.mrpublicschool.com
NARNAUL ROAD, ATELI MANDI 8278085868, 9416903367 mrpsateli@gmail.com www.mrpsateli.in

## खबर संक्षेप

### बिजली समस्या समाधान के लिए करें कॉलः एसई

**नारनौल।** बिजली संबंधित समस्याओं का हल करने के लिए बिजली निगम की ओर से कुछ सहायता नंबर जारी किए गए हैं, जिनकी मदद से उपभोक्ता अपनी व अपने क्षेत्र बिजली समस्या को हल करवा सकते हैं। इसके लिए उपभोक्ता को बस एक कॉल करने की आवश्यकता होगी। बिजली निगम नारनौल के अधीक्षक अभियंता जोगेंद्र हुड्डा ने बताया कि बिजली आपूर्ति में बाधा होने पर शिकायत दर्ज करवा सकते हैं।

### कनीना मंडी में सरसों की रोस्टर वाइज खरीद शुरू

**कनीना।** नई अनाज मंडी चेलावास में शुक्रवार को रोस्टर वाइज सरसों की खरीद की गई। जिसके मुताबिक शुक्रवार को अगिहार, बेवल, बागोत, भड़फ, भोजावास, चेलावास, छितरोली, ढाणा, धनौंदा, दौंगड़ा अहीर, दौंगड़ा जाट, गाहड़ा, गुढ़ा, गोमला, गोमली, इसराना गांव के 7865 किसानों की 173340 क्विंटल सरसों की खरीद की गई। इसी प्रकार पुरानी आनाज मंडी में 1275 किसानों की 41140 क्विंटल गेहूं खरीदी गई।

### गांव बजाड़ में विचार संगोष्ठी आज

**मंडी अटेली।** ज्योतिबा फुले व संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अम्बेडकर के जन्मोत्सव को लेकर 19 अप्रैल की संध्या को गांव बजाड़ में विचार संगोष्ठी एवं गीतों भरी शाम का आयोजन किया जाएगा। अश्वनी बौद्ध ने बताया कि इस समारोह में युवा चिंतक व सामाजिक न्याय के लिए लड़ने वाले एडवोकेट रजत कल्सन मुख्य अतिथि होंगे, जबकि अध्यक्षता उच्चतर शिक्षा विभाग से रिटायर्ड प्राचार्य डॉ. शिवताज सिंह करेंगे।

*वारदात में गांव के ही युवक के शामिल होने के लगाए आरोप*

# शहीद की वीरांगना पर हमला करने वालों तक नहीं पहुंच पाई पुलिस, ग्रामीणों ने धरना-प्रदर्शन का दिया अल्टीमेटम

- खुलेआम घूमकर दहशत फैलाने की शिकायत कराई दर्ज
- सुरक्षा को लेकर पीड़ित परिवार चिंतित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नांगल चौधरी

दोस्तपुर के शहीद खुशीराम की वीरांगना पर हुए जानलेवा हमले को सात दिन बीत चुके है, अभी तक पुलिस ने शिनाख्त कार्रवाई तक आरंभ नहीं की। दूसरी तरफ वारदात में शामिल अधिकांश युवक गांव की गलियों में खुलेआम घूमने की शिकायत सामने आई है।

शिकायतकर्ताओं ने पुलिस पर लचर कार्यशैली के आरोप लगाए हैं। जिससे अपराधिक घटनाओं का ग्राफ तेजी से बढ़ रहा है। पीड़ित परिवार ने डीसी व एसपी को भेजी शिकायत में जानलेवा हादसे का आशंका जताई है। शिकायतकर्ता कृष्ण कुमार ने बताया कि पिता खुशीराम आंतकियों से लौहा लेते हुए शहीद हो गए थे। पीछे रहे दो पुत्री व एक पुत्र की पढ़ाई वीरांगना माता ने पूरी कराई है। शादी के बाद बेटियां ससुराल रहने लग गई तथा इसके बाद पुत्र को सेना में भर्ती होने के लिए प्रेरित किया था। भारतीय सेना ज्वाइन करने के बाद पुत्र कृष्ण कुमार अक्सर बार्डर पर तैनात रहता है। दूसरी तरफ गांव में अकेली रह रही वीरांगना पर गांव के ही युवकों ने जानलेवा हमला कर दिया। शिकायतकर्ता ने बताया कि 12 अप्रैल दोपहर करीब 1:30 बजे घटित वारदात में बुजुर्ग महिला को लाठी व डंडों से पीटा गया। भागते हुए उन्होंने आभूषण भी छीन लिए, जिसकी शिकायत नांगल चौधरी पुलिस थाना में दर्ज है। आक्रोशित ग्रामीणों ने 14 अप्रैल को महापंचायत का आयोजन करके पुलिस को एक सप्ताह में सभी आरोपितों को गिरफ्तार करने की गुहार लगाई थी। उन्होंने महापंचायत में उपस्थित थाना इंचार्ज को वारदात में शामिल युवकों के अपराधिक रिकार्ड से अवगत भी कराया था। साथ ही एक सप्ताह में गिरफ्तार नहीं किया गया, तो धरना प्रदर्शन का अल्टीमेटम दिया था, लेकिन इसके बावजूद पुलिस ने वारदात की ट्रेस प्रक्रिया में कोई विशेष कार्रवाई नहीं की। उन्होंने बताया कि सीसीटीवी फुटेज के अवलोकन में अधिकतर आरोपित युवक गांव के ही होने की पुष्टी हुई है, जोकि दिन रात गांव की गलियों में घूमते दिखाई देते हैं। इतना ही नहीं ये आरोपित अभी भी पीड़ित परिजनों को अंजाम भुगतने का संदेश भेज रहे हैं। जिससे गांव में दहशत का माहौल बना हुआ है। ग्रामीण व पीड़ित परिवार ने पुलिस अधीक्षक को शिकायत भेजकर जल्द कार्रवाई की गुहार लगाई है, ताकि गांव में शांति व्यवस्था बहाल हो सके।


हरिभूमि
दीवार फांदकर घर में घुसे युवकों ने शहीद की पत्नी को लाठियों से पीटा, सोने की चेन व आभूषण लूटने के आरोप
पीड़ित महिला का पति हो चुका है शहीद, पुत्र भारतीय सेना में दे रहा सेवाएं

### सीआईए के साथ छापेमारी कर रही पुलिस, जल्द होगी गिरफ्तारी

थाना इंचार्ज छत्रपाल चौधरी ने बताया कि आरोपितों की अभी स्पष्ट शिनाख्त नहीं हुई है। धरपकड़ के लिए नांगल चौधरी पुलिस व सीआईए ने संयुक्त अभियान चलाया है। दोषियों को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि ग्रामीणों की ओर से आरोपित गांव में होने की सूचना मिलती है, तो तत्परता से कार्रवाई की जाएगी।

### आज से 20 अप्रैल तक तापमान में देखने को मिलेगी गिरावट

# तापमान में उछालः हीट वेव का तीसरा दौर देखने को मिलेगा, नारनौल का पारा 42.8 डिग्री दर्ज

*छाएंगे बादल, हल्की बारिश व अंधड़ चलने की संभावना*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

हरियाणा एनसीआर दिल्ली में मौसम के दो रूप देखने को मिल रहें हैं। हरियाणा एनसीआर दिल्ली में एक तरफ जहां आफत भरी झुलसाने वाली गर्मी व हीट वेव का सितम जारी है।

यहां तापमान में उछाल देखने को मिल रहा है। वहीं दूसरी ओर हल्की से मध्यम बारिश, बूंदाबांदी व ओलावृष्टि भी देखने को मिल रही है। यहां तापमान सामान्य बने हुए है। वर्तमान में एक पश्चिमी विक्षोभ उत्तरी पर्वतीय क्षेत्रों पर सक्रिय हो गया है। जिसकी वजह से एक चक्रवातीय सर्कुलेशन मध्य वदक्षिणी पंजाब पर बना हुआ है।

उत्तरी पर्वतीय इलाकों पर बर्फबारी व तुफानी हवाएं 50 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार के साथ बारिश व ओलावृष्टि हो रही है, जबकि इस मौसम प्रणाली से पंजाब व हरियाणा के उत्तरी जिलों पंचकूला, अंबाला, यमुनानगर पर तेज गति से हवाएं व अंधड़ के साथ बारिश देखने को मिल रही है। यहां दक्षिणी पूर्वी नमीं हवाएं चलने से तापमान सामान्य बने हुए हैं, जबकि दूसरी तरफ हरियाणा के पश्चिमी दक्षिणी जिलों पर आसमान से आग बरस रही है।

इन पश्चिमी दक्षिणी जिलों में कुछ स्थानों पर दिन के तापमान 43.0 डिग्री सेल्सियस को पार कर गया है, साथ ही रात के तापमान में भी उछाल जारी है। सिरसा, फतेहाबाद, हिसार, भिवानी, महेंद्रगढ़, रेवाड़ी, गुड़गांव में झुलसाने वाली गर्मी के साथ हीट वेव अपने तेवरों को प्रचंड बना रही हैं। हालांकि पश्चिमी मौसम प्रणाली से पश्चिमी दक्षिणी जिलों पर कहीं कहीं हल्की बादलवाही भी देखने को मिल रही है। पश्चिमी गर्म हवाओं में हल्की नमी मिलने से गर्म उष्ण आर्द्र हवाओं से आमजन को उमसभरी पसीने वाली गर्मी से रूबरू होना पड़ रहा है।

### मौसम में आएगा बदलाव

डा. चन्द्र मोहन ने बताया कि शुक्रवार से लेकर 20 अप्रैल तक हरियाणा के उत्तरी जिलों पर तेज गति से हवाएं चलने व हल्की बारिश, बूंदाबांदी, ओलावृष्टि देखने को मिलेगी, जबकि शेष हरियाणा एनसीआर दिल्ली में तेज गति से हवाएं चलने, अंधड़, धुल भरी के साथ आंशिक बादलवाही देखने को मिलेगी। हालांकि पश्चिमी दक्षिणी हिस्सों में तापमान में गिरावट देखने को मिलेगी, लेकिन जैसे ही 20 अप्रैल को यह मौसम प्रणाली हरियाणा एनसीआर दिल्ली से आगे निकल जाएगी, वैसे ही सम्पूर्ण इलाके पर हवाओं की दिशा में बदलाव होगा।

### क्या कहते हैं मौसम विशेषज्ञ

मौसम विशेषज्ञ डा. चंद्र मोहन ने बताया कि हवाएं उत्तरी होने से सम्पूर्ण इलाके बढ़ते हुए तापमान पर अंकुश लगेगा व हीट वेव का खात्मा होगा। इसके बाद एक बार फिर से हरियाणा एनसीआर दिल्ली में तापमान में उछाल व हीट वेव का तीसरा दौर देखने को मिलेगा। जिला में नारनौल व महेंद्रगढ़ का दिन व रात का तापमान क्रमशः 42.8, 23.7 डिग्री सेल्सियस व 42.5, 22.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। जिले में दिन व रात के तापमान सामान्य से अधिक बने हुए हैं।

### महेश जोशी बने रेडक्रॉस सोसायटी के जनरल सेक्रेटरी

**महेंद्रगढ़।** प्रसिद्ध समाजसेवी महेश जोशी को हरियाणा के राज्यपाल ने रेडक्रॉस हरियाणा के महासचिव की बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है। उनका कार्यकाल 3 वर्ष के लिए रहेगा।



स्मरण रहे कि महेश जोशी इससे पूर्व भी हरियाणा सरकार में सांस्कृतिक विभाग के मुख्य सलाहकार रह चुके है। बता दे कि लगभग 40 वर्ष से राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ से जुड़े महेश जोशी क्षेत्र के प्रमुख व प्रतिष्ठित मुख्य अध्यापक स्वर्गीय हरि प्रकाश जोशी के पुत्र है। इनकी इस उपलब्धि पर मोहल्ला बिढाट सेवा समिति के अध्यक्ष चेतन प्रकाश गौड़, याहा हरियाणा के निर्देशक अनिल कौशिक, वरिष्ठ कलाकार घीसा राम सैनी,गिरीश कानोड़िया, नगर पालिका की उपप्रधान मंजू कौशिक आदि ने उन्हें बधाई दी।



**नारनौल।** खनन क्षेत्र का निरीक्षण करते एसडीएम मनोज कुमार।

# खनन विभाग फील्ड में कर रहा औचक निरीक्षण

- 10 दिनों में खनन विभाग ने 2382 वाहनों की चेकिंग की
- 10 वाहनों पर 30 लाख रुपये का जुर्माना ठोका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

खनन विभाग लगातार फील्ड में रहकर अवैध खनन तथा खनिज के अवैध परिवहन को लेकर कड़ी निगरानी कर रहा है। पिछले 10 दिनों में खनन विभाग ने 2382 वाहनों की चेकिंग की। इस दौरान दस वाहन जब्त किए। इस दौरान 14 एफआईआर दर्ज की गई 30 लाख रुपए जुर्माना लगाया।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी तथा विभाग के महानिदेशक केएम पांडुरंग लगातार पूरे प्रदेश से इस संबंध में रोजाना रिपोर्ट ले रहे हैं। यह जानकारी देते हुए जिला खनन इंजीनियर डॉ राजेश कुमार ने बताया कि पिछले 10 दिनों में राजस्थान से अवैध तरीके से बजरी व रोड़ी ढोने के मामले में 30 लाख रुपए जुर्माना लगाया गया है। इसमें से 14.50 लाख रुपए जुर्माना पकड़े गए चार वाहनों की उगाही करके सरकारी खजाने में जमा करवाए गए हैं।

### एसडीएम ने किया दौरा

नांगल चौधरी के एसडीएम मनोज कुमार तथा जिला खनन अभियंता इंजीनियर डॉ राजेश कुमार ने पूरे नांगल चौधरी क्षेत्र के खनिज युक्त क्षेत्रों का औचक निरीक्षण किया। इस संयुक्त टीम ने आज आंतरी, बिहारीपुर, जैनपुर, बायल, मोसनुता तथा पांचनौता आदि गांव का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान कहीं भी अवैध खनन का कोई मामला नहीं पाया गया। टीम को बिहारीपुर पहाड़ियों में एक बिंदु पर एक ट्रैक्टर ट्रॉली के निशान मिले। इस पर एसडीएम ने संबंधित सरपंच के माध्यम से जांच कर शिकायत भेजने के निर्देश दिए। इस दौरान दोखेरा खदान क्षेत्र का भी दौरा किया गया। टीम को एक ट्रक ओवरलोड मिला। इस पर आरटीए द्वारा चालान के निर्देश दिए गए।

# कक्षा संचालन की आधुनिक तकनीकें बताईं

- एचपीएस में क्षमता निर्माण कार्यशाला का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

एचपीएस स्कूल में कक्षा प्रबंधन पर क्षमता निर्माण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें सीबीएसई की ओर से नियुक्त प्रशिक्षक राजन शर्मा ने शिक्षकों को कक्षा संचालन की आधुनिक तकनीकों, अनुशासन प्रबंधन व छात्र सहभागिता बढ़ाने के प्रभावी उपायों से अवगत करवाया। कक्षा में सकारात्मक वातावरण बनाने, समय प्रबंधन व व्यवहारिक चुनौतियों से निपटने के लिए कुशल व्यवहारिक तरीकों से भी अवगत करवाया। अध्यापकों को विद्यार्थियों के साथ कम्यूनिकेशन, कोलाब्रेशन, क्रिएटिविटी व क्रिटिकल सोच पर अवश्य काम करना चाहिए। समूह चर्चा, केस स्टडी व गतिविधि आधारित प्रशिक्षण के माध्यम से शिक्षकों को व्यवहारिक अनुभव प्रदान किया गया।



**नारनौल।** एचपीएस स्कूल स्टाफ व अतिथिगण। फोटो : हरिभूमि

### नए संसाधनों से अवगत रहना आवश्यक

प्राचार्य सुनील कुमार व डीन मनोज भारद्वाज ने बताया कि सीबीएसई के दिशानिर्देशानुसार विद्यालय के अध्यापकों को शिक्षा की नई नीतियों व आधुनिक तरीकों से अवगत करवाने के लिए विद्यालय में क्षमता निर्माण कार्यशाला का आयोजन किया गया। विद्यालय निदेशक पुष्करमल वर्मा ने कहा कि शिक्षकों का शिक्षा के नए संसाधनों से अवगत रहना आवश्यक है, ताकि विद्यार्थियों को आधुनिक समय अनुसार उचित मार्गदर्शन प्रदान किया जा सकें।

# अधूरे विकास कार्य शुरू कराने की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

**महेंद्रगढ़।** शहर के अधूरे विकास कार्य शुरू कराने की मांग को लेकर सामाजिक संगठन के सदस्यों ने उपायुक्त डॉ. विवेक भारती के माध्यम से प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। सामाजिक कार्यकर्ता रामनिवास पाटोदा ने बताया कि चार साल से बस स्टैंड पर वर्कशॉप भवन बनकर तैयार खड़ा है।

सीएम की ओर से वर्कशॉप का उद्घाटन भी कर चुके है लेकिन एक वर्ष बीत जाने के बाद भी वर्कशॉप भवन में बसों की मरम्मत का कार्य शुरू नहीं हो पाया है। इसके अलावा नागरिक अस्पताल का नया भवन शुरू नहीं होने के चलते स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित रहीं है। करीब चार करोड़ की लागत से चार वर्षों से स्वीमिंग पूल पानी के अभाव में खंडहर हो रहा है। खेल स्टेड़यिम केवल नाममात्र का रह गया है।



**महेंद्रगढ़।** डीसी को ज्ञापन सौंपते शहर के लोग। फोटो : हरिभूमि

**आरटीई एक्ट** आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के जरूरतमंद विद्यार्थियों को कक्षा पहली तक एडमिशन का दे रहा मौका

*प्रदेश के 10701 स्कूलों में 7567 ने दी है खाली सीटों की जानकारी*

# बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम के तहत 21 अप्रैल तक कर सकते हैं ऑनलाइन आवेदन

- सत्यापन करने की प्रक्रिया पोर्टल के माध्यम से होगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

निःशुल्क व अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीई एक्ट) के तहत आर्थिक रूप से कमजोर जरूरतमंद विद्यार्थियों को मान्यता प्राप्त निजी स्कूलों में दाखिले होंगे।

दाखिले केवल नर्सरी, केजी और प्रथम कक्षा में दिए जाएंगे। मौलिक शिक्षा निदेशालय की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार अभी पात्र लाभार्थियों के लिए ऑनलाइन आवेदन की तिथि 15 से 21 अप्रैल तक रहेगी। तब विद्यार्थी विभागीय वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। हालांकि अभी तक आगे का शेड्यूल नहीं आया है। ऐसे में पहले अभी इच्छुक विद्यार्थियों के अभिभावकों की ओर से आवेदन मांगे गए हैं। इससे पूर्व गत 14 अप्रैल तक शिक्षा निदेशालय ने निजी स्कूलों से उनके यहां उपलब्ध सीटों की स्थिति मांगी थी, जिसके अनुसार प्रदेश के 10701 स्कूलों में 7567 भाग लिया है और अपने यहां की सीटों की जानकारी शिक्षा विभाग से साझा की है।

गौर हो कि शिक्षा निदेशालय ने पत्र जारी कर निर्देश दिए हैं कि यह सूचना, जनसाधारण व हरियाणा राज्य के निजी मान्यता प्राप्त स्कूलों की जानकारी के लिए है कि आरटीई एक्ट 2009 की अनुपालना में सभी निजी मान्यता प्राप्त स्कूलों को जरूरतमंद विद्यार्थियों के कक्षा नर्सरी, केजी और प्रथम कक्षाओं में दाखिले के लिए 25 प्रतिशत सीटें आरक्षित करने के लिए 28 मार्च से लेकर समय-समय पर तिथि बढ़ाते हुए 14 अप्रैल तक पोर्टल खोला गया था। विद्यार्थियों को प्रवेश देने के लिए 21 अप्रैल तक पहले ऑनलाइन आवेदन करने होंगे। अंतिम तिथि के बाद सभी अभिभावकों को फाइनल सबमिट रिपोर्ट के साथ सभी संबंधित मूल दस्तावेजों की प्रति संबंधित खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में जमा करानी होगी। सत्यापन करने की प्रक्रिया पोर्टल के माध्यम से होगी। सत्यापन प्रक्रिया के उपरांत जिन आवेदनों की पुष्टि या जांच सही पाई जाएगी, उन आवेदनों की सूची को विभागीय वेबसाइट पर अपलोड कर दिया जाएगा। लॉटरी प्रक्रिया से आवेदकों को विद्यालय अलॉट कर दिए जाएंगे। यदि अभिभावकों की ओर से दाखिले से संबंधित किसी भी प्रकार के दस्तावेजों व पोर्टल पर दर्ज कराई गई सूचना में भिन्नता पाई गई तो उसके लिए संबंधित खंड शिक्षा अधिकारी की ओर से आवेदन को रद्द किया जा सकता है। अधिक जानकारी के लिए हेल्पलाइन नंबर 0172-5049801 पर संपर्क किया जा सकता है।

### यह कहते हैं बीईओ

आरटीई के तहत निजी स्कूलों में विद्यार्थियों के लिए नर्सरी, केजी और प्रथम में दाखिले को लेकर अभिभावक 21 अप्रैल तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आरटीई के तहत सभी मान्यता प्राप्त निजी स्कूलों को जरूरतमंद बच्चों के लिए नर्सरी, केजी और प्रथम कक्षा के लिए 25 प्रतिशत सीटें आरक्षित करनी होती है।
-अशोक कुमार, डीईईओ, शिक्षा विभाग नारनौल।

पूरी दुनिया में 700 मिलियन से एक बिलियन कुत्ते हैं।

शुतुरमुर्ग की आंखें उसके मस्तिष्क से भी बड़ी होती हैं।

# स्पेस साइंस में बेहतर करियर के लिए करें ये कोर्स



नॉलेज

यंगभूमि डेस्क

एडवांस्ड टेक्नोलॉजी के कारण आज नए-नए कॅरियर विकल्प युवाओं के लिए खुल रहे हैं, इन्हीं में से एक है स्पेस साइंस। क्या अनंत आकाश आपको अपनी ओर आकर्षित करता है, क्या आपमें ब्रह्माण्ड के रहस्य सुलझाने का जज्बा है, क्या धैर्य और बुद्धि आपके प्लस पॉइंट हैं। यदि हां, तो अंतरिक्ष विज्ञान आपको पुकार रहा है। देश के सैटेलाइट लॉन्चिंग का राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय बाजार में धाक जमने लगी है, जिसके कारण यहां के युवा वैज्ञानियों के के लिए भारतीय व विदेशी अंतरिक्ष विज्ञान के दरवाजे खुलने लगे हैं। इस समय भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन इसरो न केवल भारत के उपग्रह अंतरिक्ष में सफलतापूर्वक स्थापित कर रहा है।

## आसमान का संसार

अंतरिक्ष विज्ञान वह शाखा है, जिसके अंतर्गत पृथ्वी से परे करोड़ों ग्रहों, उपग्रहों, तारों, धूमकेतुओं, आकाशगंगाओं एवं अन्य अंतरिक्षीय पिंडों का अध्ययन किया जाता है। इसके अलावा अंतरिक्ष विज्ञान के अंतर्गत उन नियमों एवं प्रभावों का भी अध्ययन किया जाता है, जो इन्हें संचालित करते हैं। अंतरिक्ष विज्ञान में करियर उन हजारों रहस्यों से पर्दा उठाने का अवसर भी होता है, जो अभी तक अनसुलझे हैं। यह न केवल वैज्ञानिक स्वभाव की परीक्षा होती है, बल्कि आपकी जिज्ञासाएं भी स्तर-दर-स्तर शांत होती जाती हैं। इसे अपना करियर चुनने वाले जहां देश के बेस्ट ब्रेन कैटेगरी में शुमार किए जाते हैं, वहीं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी बुद्धिजीवी के रूप में उनकी विशिष्ट पहचान बनती है।

### क्या है स्पेस साइंस

स्पेस साइंस या स्पेस टेक्नोलॉजी बहुत बड़ा क्षेत्र है। इसके तहत एस्ट्रोनॉमी व एस्ट्रोफिजिक्सए प्रामेट्री एटमॉस्फियर और एयरोनॉमीए अर्थ साइंसेस और सोलर सिस्टम की पढ़ाई आती है। आज के दौर में स्पेस साइंस की कई सब-ब्रांचेज भी हैं। इनमें से मुख्य है कॉस्मोलॉजी, स्टेलर साइंस, प्लेनेटरी साइंस, एस्ट्रोनॉमी, एस्ट्रोलॉजी आदि। साइंस और इंजीनियरिंग की ये शाखाएं अंतरिक्ष के चारों तरफ घूमती हैं।

## जरूरी योग्यताएं

अंतरिक्ष विज्ञान में करियर बनाने के लिए सबसे पहले आपको 11वीं कक्षा में गणित विषय लेना होगा, 12वीं गणित में उत्तीर्ण करने के बाद आपको बीएससी की डिग्री लेनी होगी, जहां आपके विषयों में फिजिक्स एवं गणित भी होना जरूरी है। साइंस से स्नातक होने के बाद आप एस्ट्रोनॉमी थ्योरी या एस्ट्रोनॉमी ऑब्जर्वेशन कोर्स चुन सकते हैं। वहीं मास्टर्स डिग्री के बाद विशिष्ट कोर्सेज में प्रवेश लिया जा सकता है। यदि आप बारहवीं के बाद इलेक्ट्रिकल, इलेक्ट्रॉनिक्स, इलेक्ट्रिकल कम्युनिकेशन में बीई करते हैं, तो आप इंस्ट्रूमेंट एस्ट्रोनॉमी या एक्सपेरिमेंटल एस्ट्रोनॉमी के क्षेत्र में करियर बना सकते हैं। इसी दिशा में आगे बढ़ने पर आगे एस्ट्रोनॉमी में पीएचडी भी कर सकते हैं। अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में देश में केवल मास्टर स्तर व पीएचडी प्रोग्राम ही विश्वविद्यालयों में सामान्यत उपलब्ध हैं। वहीं एक वर्षीय ज्वॉइंट एस्ट्रोनॉमी प्रोग्राम इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस, बेंगलुरू चलाती है। यह प्रोग्राम इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ एस्ट्रोफिजिक्स, रमण रिसर्च इंस्टीट्यूट और टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ फंडामेंटल रिसर्च, मुंबई के साथ मिलकर चलाया जाता है। कोर्स की समाप्ति के बाद आपको इन्हीं इंस्टीट्यूट्स में से एक में पीएचडी की भी ऑफर दी जाती है।

### एस्ट्रोनॉट बनने के लिए यह गुण जरूरी

एस्ट्रोनॉट बनने के लिए कई गुण बहुत जरूरी है, उसमें से एक है आकाश में तारों के पैटर्न, उनकी हलचल आदि का अध्ययन करना। यह बहुत लंबा और समय लेने वाला पेचीदा काम है। इसलिए धैर्य इस पेशे का पहला व सबसे जरूरी गुण भी है। वहीं अगली बेहद जरूरी विशेषता आपका जिज्ञासु होना है। इस फील्ड में पूरे आत्मविश्वास और उत्साह से रहस्यमयी प्रश्नों के उत्तर तलाशने होते हैं। आपमें चीजों के प्रति साइंटिफिक एप्रोच के अलावा प्रोग्रामिंग स्किल भी बेहतरीन होनी जरूरी है।

## स्पेस साइंस में ये करियर ऑप्शन

### एस्ट्रोनॉमी

स्पेस सांइस में एक एस्ट्रोनॉमी का कार्य आउटर स्पेस का रिसर्च करना होता है। इसमें सौर मंडल, तारे, आकाशगंगा, ग्रह आदि शामिल होता है। जिस पर ये जमीन से ही रिसर्च कर यहां पर होने वाली विभिन्न घटनाओं का पता लगाते हैं।

### एस्ट्रोनॉट

एस्ट्रोनॉट के बारे में लगभग सभी लोग जानते हैं, ये वो लोग होते हैं, जो अंतरिक्ष में चहलकदमी कर अपने सपनों को पूरा करते हैं। इनका कार्य स्पेस स्टेशन पर रहकर रिसर्च करना है। इन्हें स्पेस स्टेशन में महीनों रहना पड़ता है।

### स्पेस टेक्नोलॉजी

इस फील्ड में स्पेस टेक्नोलॉजी का करियर भी काफी शानदार माना जाता है। इसमें सेटेलाइट, स्पेस स्टेशन, स्पेसक्रॉफ्ट, स्पोर्ट्स इंफ्रास्ट्रक्चर इक्यूमेंट को डिजाइन करने का कार्य किया जाता है।

### स्पेस इंजीनियरिंग

स्पेस इंजीनियर का सबसे प्रमुख कार्य होता है। ये किसी भी स्पेस अभियान से जुड़े सभी इक्यूमेंट को डिजाइन करते हैं। यहां पर एयरोस्पेस, रोबोटिक्स, मटेरियल साइंस, कंप्यूटर इंजीनियरिंग के साथ ही मैकेनिकल और टेलीकॉम इंजीनियरिंग जैसे कई फील्ड में इंजीनियर कार्य करते हैं।

### स्पेस रिसर्च

इस काफी व्यापक फील्ड माना जाता है। स्पेस रिसर्च में अलग-अलग फील्ड के विशेषज्ञ शामिल होते हैं। जैसे- एस्ट्रोफिजिसिस्ट, बायोलॉजिस्ट, बायोकैमिस्ट और बायोफिजिसिस्ट, जियोलॉजिस्ट और एस्ट्रोबायोलॉजिस्ट। ये सभी अपनी विशेषता के अनुसार कार्य करते हैं।

### स्पेस लॉ

आंतरिक्ष के क्षेत्र से जुड़ी गतिविधियों को नियंत्रित करने वाला लॉ है। इसमें देशों व कंपनियों के बीच समझौतों, संधियों, सम्मेलनों और संगठनों के नियमों की जानकारी हासिल की जाती है। आज के समय में जिस तरह स्पेस में भीड़ बढ़ रही है, उसे देखते हुए स्पेस लॉ में अच्छा करियर ऑप्शन बन सकता है।

### स्पेस टूरिज्म

स्पेस के फील्ड में यह सबसे तेजी से उभरता हुआ फील्ड है। इसमें अब कई नई प्राइवेट कंपनियां आ रही हैं। यहां पर युवाओं के लिए करियर बनाने का शानदार मौका है। आज के समय में स्टेस टूरिज्म के क्षेत्र में वर्जिन गेलेक्टिक, ब्लू ओरिजिन, ओरियन, स्पेसएक्स, ओरियन स्पैन और बोइंग जैसी कंपनियां लगी हुई हैं।

---

हेल्थकेयर एडमिनिस्ट्रेशन के तौर पर भी जाना जाता है इस फील्ड को

# हॉस्पिटल मैनेजमेंट का कोर्स कर कॅरियर को दें नई उड़ान, इस फील्ड में होगी लाखों की कमाई

जॉब ट्रेंड्स

करियर डेस्क

कोरोना महामारी के बाद हेल्थ सेक्टर में कई बड़े बदलाव हुए हैं। साथ ही कॅरियर के तौर पर भी कई ऑप्शन सामने आए हैं। बता दें कि पहले नर्सिंग और एमबीबीएस कर मेडिकल सेक्टर में कॅरियर बनाया जा सकता था। लेकिन अब इस सेक्टर में मेडिकल की डिग्री के बिना भी आप अपना कॅरियर बना सकते हैं। इन्हीं में से एक कॅरियर ऑप्शन हॉस्पिटल मैनेजमेंट का है। हॉस्पिटल मैनेजमेंट को हेल्थकेयर एडमिनिस्ट्रेशन और हेल्थ एडमिनिस्ट्रेशन के तौर पर भी जाना जाता है। इस सेक्टर से जुड़े लोगों के अनुसार, स्वास्थ्य संबंधित सेवाओं के विस्तार के अलावा हॉस्पिटल मैनेजमेंट के क्षेत्र में भी काम बढ़ रहा है। आइए जानते हैं आप कैसे इस सेक्टर में अपना कॅरियर शुरू कर सकते हैं।

## जानिए क्या है हॉस्पिटल मैनेजमेंट



बता दें कि हॉस्पिटल मैनेजमेंट हेल्थ केयर एडमिनिस्ट्रेशन डिपार्टमेंट के क्षेत्र में आता है। इसका काम हॉस्पिटल में सभी व्यवस्थाओं को सुचारु रूप से चलवाना है। इसके अलावा इसका काम यह सुनिश्चित करना है कि हॉस्पिटल आने वाले मरीजों और वहां काम करने वाले कर्मचारियों को किसी तरह की कोई समस्या ना हो। हॉस्पिटल मैनेजमेंट टीम इन व्यवस्थाओं को सुनियोजित करने का काम भी करती है।

## अहम है यह फील्ड

हॉस्पिटल मैनेजमेंट के तहत हॉस्पिटल में चलने वाली कैंटीन से लेकर लिफ्ट तक का कार्यभार ही आता है। किसी भी संचालन में कमी और अस्पताल में होने वाले हादसों की जिम्मेदारी भी हॉस्पिटल मैनेजमेंट की होती है। एक सर्वे के मुताबिक भारत में साल 2025 तक 10 लाख से ज्यादा हॉस्पिटल मैनेजर्स की जरूरत होगी।

## हॉस्पिटल मैनेजमेंट कोर्स

कई संस्थान हॉस्पिटल मैनेजमेंट में बैचलर की डिग्री देते हैं। यह कोर्स 3 साल का होता है। इसके अलावा आप इसमें प्रोफेशनल कोर्स में मास्टर्स डिग्री भी प्राप्त कर सकते हैं। वर्तमान समय में हॉस्पिटल मैनेजमेंट के कोर्स में एमबीए वालों को प्राथमिकता दी जा रही है। वहीं प्राइवेट संस्थान हॉस्पिटल मैनेजमेंट कोर्स डिप्लोमा सर्टिफिकेट भी देते हैं।

## इस क्षेत्र में काम तेजी से बढ़ रहा



## क्या चाहिए क्वालिफिकेशन

हॉस्पिटल मैनेजमेंट कोर्स करने के लिए स्टूडेंट का 12वीं कक्षा साइंस स्ट्रीम के साथ पास होना आवश्यक होता है। यह कोर्स करने के लिए छात्र के 12वीं में बायोलॉजी में न्यूनतम 50% अंक होने जरूरी है। कुछ शैक्षणिक संस्थान इंटरव्यू और टेस्ट के आधार पर भी इस कोर्स में दाखिला देते हैं।

### यहां से करें हॉस्पिटल मैनेजमेंट कोर्स

अपोलो इंस्टिट्यूट ऑफ हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन, हैदराबाद
इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ सोशल वेलफेयर एंड मैनेजमेंट, कोलकाता
आर्म्ड फोर्सेज मेडिकल कॉलेज, पुणे
देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इंदौर
एम्स, नई दिल्ली

हॉस्पिटल मैनेजमेंट को हेल्थकेयर एडमिनिस्ट्रेशन और हेल्थ एडमिनिस्ट्रेशन के तौर पर भी जाना जाता है। इसका काम हॉस्पिटल में सभी व्यवस्थाओं को सुचारु रूप से चलवाना है।

### 40 से 50 हजार रुपये सैलरी

हॉस्पिटल मैनेजमेंट कोर्स करने के बाद उम्मीदवार 40 से 50 हजार रुपये प्रतिमाह कमाने का मौका मिलता है। इसके अलावा सरकारी संस्थान में एक से डेढ़ लाख रूपए महीने की सैलरी उठा सकते हैं। समय और अनुभव बढ़ने के साथ ही सैलरी में भी बढ़ोतरी होती जाएगी। यह एक ऐसा फील्ड है जिसमें आने वाले समय में करियर बनाने के काफी स्कोप है। आज के आधुनिक समय में लोगों को किसी भी बीमारी का सामना करना पड़ता है तो लोग तुरंत हॉस्पिटल में भर्ती होते हैं। कोरोना के दौरान जब लाखों की संख्या में लोग अस्पतालों में भर्ती हुए तो उस समय मैनेजमेंट सिस्टम पूरी तरह चरमरा गया था

---

कर सकते हैं फुल टाइम वर्क भी

# 12वीं के बाद करें गेम डिजाइनिंग का कोर्स, कॅरियर ग्रोथ के साथ मिलेगा लाखों रुपये का पैकेज

**अगर आप भी** 12वीं के बाद किसी ऐसे कोर्स की तलाश में हैं, जहां पर आपके कॅरियर ग्रोथ के साथ अच्छा पैसा कमा सकें। तो बता दें कि आपको परेशान होने की जरूरत नहीं है। क्योंकि आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको एक बेहतरीन कॅरियर आप्शन के बारे में बताने जा रहे हैं। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको गेमिंग इंडस्ट्री के बारे में जरूरी जानकारी देने जा रहे हैं। बता दें कि इस फील्ड में आने के बाद आपको किस तरह का कॅरियर ग्रोथ मिलेगा। इस फील्ड में आने के लिए क्या क्वालिफिकेशन चाहिए होती है, इन सारे सवालों के जवाब आपको इस आर्टिकल में मिलेंगे। ऐसे में अगर आप भी 12वीं के बाद किसी बेहतरीन फील्ड की तलाश में हैं, तो गेमिंग फील्ड आपके लिए एक अच्छा ऑप्शन साबित हो सकता है। वर्तमान समय की बात करें तो देश में गेमिंग इंडस्ट्री में 50,000 से ज्यादा लोग फुल टाइम वर्क कर रहे हैं। जिसमें से 30 फीसदी लोग प्रोग्रामर और डेवलपर के तौर पर काम कर रहे हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक साल 2022-23 में यह फील्ड 20-30 प्रतिशत की दर से ग्रोथ करेगा। वहीं इस फील्ड में डायरेक्ट और इनडायरेक्ट तौर पर लाखों की संख्या में जॉब्स पैदा होने की संभावनाएं हैं।

## गेम डिजाइनर

गेम डिजाइनर गेम के कैरेक्टर्स, गेम के लेवल के अलावा तमाम बारीकियों को ध्यान में रखकर उसे इंट्रेस्टिंग बनाने पर फोकस करते हैं। वहीं गेम राइटर डायग्राम आदि बनाकर उसके अलग-अलग वर्जन को तैयार करते हैं। गेम डिजाइनर को टेक्निकल नॉलेज होने के साथ ही सोच में क्रिएटिविटी भी होनी चाहिए। गेम तैयार करने के लिए उसकी डिजाइन, डेवलपर्स, आर्टिस्ट्स और अन्य प्रोफेशनल की टीम एक साथ वर्क करती है।

## क्वालिफिकेशन

- छात्र ने साइंस स्ट्रीम से 12वीं पास किया हो।
- कंप्यूटर और सॉफ्टवेयर की नॉलेज होना जरूरी होता है।
- गेम डिजाइनर बनने के लिए आपकी इंग्लिश भाषा पर अच्छी पकड़ होनी जरूरी है।
- इस फील्ड में आप गेम डिजाइनिंग, गेम डेवलपिंग, आर्ट, एनिमेशन, कंप्यूटर साइंस, कंप्यूटर ग्राफिक्स, इलस्ट्रेशन या मार्केटिंग में बैचलर डिग्री या पेशेवर सर्टिफिकेशन कोर्स कर सकते हैं।

## जरूरी स्किल्स

- गेमिंग फील्ड में कॅरियर बनाने वाले स्टूडेंट्स के पास कैरेक्टर डिजाइन, एनिमेशन, कांसेप्ट आर्ट और विजुअल इफेक्ट की जानकारी होनी चाहिए।
- इस फील्ड में 2 डी गेम डेवलपर्स, 3 डी गेम डेवलपर्स और जावा आदि में अपार संभावनाएं हैं।
- इस फील्ड में डिजाइनिंग के साथ 2डी सॉफ्टवेयर और 3डी मॉड्यूलिंग की नॉलेज होना बहुत जरूरी है।
- ऑडियो इंजीनियर के लिए युवाओं के पास साउंड इंजीनियरिंग और अन्य लैंग्वेज की जानकारी होना बेहद जरूरी है।

## जॉब प्रोफाइल

इस फील्ड में युवा एनिमेटर, क्यूएक टेस्टर, ऑडियो इंजीनियर, गेम डिजाइनर, गेम डेवलपर, सॉफ्टवेयर इंजीनियर और प्रोड्यूसर, मैनेजर्स, कास्टर्स, ईस्पोर्ट्स प्रोफेशनल्स, स्ट्रीमर्स, इंफ्यूएंसर्स के तौर पर अपना कॅरियर बना सकते हैं।

---

# नकली समाचार का खतरा और युवाओं का डिजिटल मंचों की ओर झुकाव



मोटिवेशनल

डॉ. दिव्या तंवर

आज के डिजिटल युग में सूचना का प्रवाह इतना तेज है कि सही और गलत जानकारी के बीच अंतर करना मुश्किल हो गया है। नकली समाचार, जिसे अंग्रेजी में "फेक न्यूज" कहा जाता है, युवाओं के लिए एक गंभीर खतरा बन चुका है। यह न केवल उनकी सोच को प्रभावित करता है, बल्कि उनकी मानसिक और भावनात्मक स्थिति पर भी असर डालता है। यही कारण है कि आज की युवा पीढ़ी इलेक्ट्रॉनिक मीडिया से दूरी बनाकर डिजिटल मंचों की ओर अधिक आकर्षित हो रही है। इस लेख में हम नकली समाचार के खतरों, युवाओं के इलेक्ट्रॉनिक मीडिया से दूरी बनाने के कारणों और पढ़ाई में बेहतर करने के लिए प्रेरणा के तरीकों पर चर्चा करेंगे।

## गलत और भ्रामक जानकारी दी जा रही

नकली समाचार का युवाओं पर प्रभाव

नकली समाचार ऐसी जानकारी होती है जो जानबूझकर गलत या भ्रामक होती है। यह सोशल मीडिया, व्हाट्सएप, और अन्य डिजिटल मंचों के माध्यम से तेजी से फैलती है। युवा, जो अपने विचारों को आकार देने के लिए सूचनाओं पर निर्भर रहते हैं, अक्सर ऐसी खबरों का शिकार हो जाते हैं। इसके कुछ प्रमुख प्रभाव हैं:

**गलत धारणाएं बनना:** नकली समाचार युवाओं में गलत विश्वास पैदा करते हैं, जैसे किसी समुदाय, व्यक्ति या घटना के प्रति नफरत या गलत धारणा।

**मानसिक तनाव:** भ्रामक खबरें डर, चिंता और अविश्वास को बढ़ावा देती हैं, जिससे युवाओं का मानसिक स्वास्थ्य प्रभावित होता है।

**समय की बर्बादी:** ऐसी खबरों को पढ़ने और उन पर बहस करने में युवा अपना कीमती समय खो देते हैं, जो उनकी पढ़ाई और करियर पर असर डालता है।

**सामाजिक विभाजन:** नकली समाचार समाज में विभाजन पैदा करते हैं, जिससे युवा अपनी एकता और सामाजिक मूल्यों को खोने लगते हैं।

**इलेक्ट्रॉनिक मीडिया से दूरी क्यों?**

इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, जैसे टीवी न्यूज चैनल, अक्सर सनसनीखेज और अतिशयोक्तिपूर्ण खबरें दिखाते हैं। ये खबरें दर्शकों का ध्यान खींचने के लिए बनाई जाती हैं, लेकिन इनमें सच्चाई की कमी होती है।

## टीवी पर एकतरफा कवरेज

**विश्वास की कमी:** युवा न्यूज चैनलों पर भरोसा नहीं करते, क्योंकि उन्हें लगता है कि ये चैनल पक्षपातपूर्ण या प्रायोजित हैं।

**डिजिटल मंचों की स्वतंत्रता:** सोशल मीडिया और ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर युवाओं को अपनी पसंद की सामग्री चुनने की आजादी मिलती है, जो उन्हें इलेक्ट्रॉनिक मीडिया से ज्यादा आकर्षक लगती है।

**सूचना की अधिकता:** डिजिटल मंचों पर युवा कई स्रोतों से जानकारी ले सकते हैं और तुलना कर सकते हैं, जबकि टीवी पर एकतरफा कवरेज मिलता है।

**मनोरंजन का विकल्प:** डिजिटल प्लेटफॉर्म पर मनोरंजन, शिक्षा और समाचार एक साथ उपलब्ध हैं, जो युवाओं को अधिक उपयोगी लगता है।

यहां कुछ तरीके दिए गए हैं, जिनसे युवा खुद को प्रेरित कर सकते हैं:

**लक्ष्य निर्धारित करें:** छोटे और बड़े लक्ष्य बनाएं, जैसे रोजाना एक नया टॉपिक पढ़ना या सप्ताह में एक कौशल सीखना। यह प्रगति का अहसास दिलाएगा।

**सूचना सत्यापन:** हर खबर को बिना जांचे स्वीकार न करें। विश्वसनीय स्रोतों जैसे किताबें, शैक्षिक वेबसाइट्स और विशेषज्ञों की राय पर भरोसा करें।

**समय प्रबंधन:** सोशल मीडिया और न्यूज देखने का समय सीमित करें।

## सामान्य ज्ञान

**1.** निम्नलिखित में से उस यंत्र का नाम बताइए जो कम्प्यूटर को टेलीफोन लाइनसे जोड़ता है
(ए) स्कैनर
(बी) मॉडेम
(सी) सी.डी.रोम
(डी) प्रिंटर

**2.** कम्प्यूटर सिस्टम के किस भाग को भौतिक रूप से स्पर्श किया जाता है
(ए) डाटा
(बी) ओएस
(सी) हार्डवेयर
(डी) सोफ्टवेयर

**3.** डॉट मेट्रिक्स किसका एक प्रकार है
(ए) टेप
(बी) डिस्क
(सी) प्रिंटर
(डी) बस

**4.** सीडी-रोम है एक?
(ए) सेमीकंडकटर मेमोरी
(बी) मैग्नेटिक मेमोरी
(सी) मेमोरी रजिस्टर
(डी) इनमे से कोई नही

**5.** एकछोटे सिलिकॉन चिप पर ट्रांजिस्टरों और अन्य इलेक्ट्रोनिक उपकरणों के साथ पोर्न इलेक्ट्रोनिक सर्केट को.....कहते है
(ए) वर्क स्टेशन
(बी) सीपीयू
(सी) मैग्नेटिक डिस्क
(डी) इंटिग्रेटेड सर्किट

**6.** ....कम्प्यूटर को बताती है की इसके उपकरणों का प्रयोग कैसे करण चाहिए
(ए) यूटिलिटी
(बी) नेटवर्क
(सी) एप्लीकेशन
(डी) ओपी

**7.** सी, बेसिक, केबोल और जावा ...... भाषाओं के उदहारण है
(ए) लो लेबल
(बी) कम्प्यूटर
(सी) सिस्टम प्रोग्रामिंग
(डी) हाई लेबल

उत्तर 1.(बी) 2.(सी) 3.(सी) 4.(बी) 5.(डी) 6.(डी) 7.(डी)

## खबर संक्षेप

### प्रतिमा के अपमान पर कड़ी कार्रवाई की मांग

**मंडी अटेली।** बहुजन समाज पार्टी ने हिसार के नंगथला गांव में बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा को असामाजिक तत्वों द्वारा अपमानित किए जाने पर बसपा जिला अध्यक्ष प्रमोद कटारिया ने बताया कि इस प्रकार की घटना समाज की भावनाओं को ठेस पहुंचाने का कार्य करती हैं। इसलिए दोषियों की पहचान कर उनके खिलाफ कठोर से कठोर कानूनी कार्रवाई करे। साथ ही सभी संवेदनशील स्थलों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं, ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। प्रशासन इस घटना को अत्यंत गंभीरता से ले और तत्काल प्रभाव से गांव में शांति व्यवस्था बहाल की जाए। बाबा साहेब की प्रतिमा हमारे संविधान और सामाजिक न्याय की प्रतीक है, उसका अपमान बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### महिला ने फांसी का फंदा लगा जान दी

**रेवाड़ी।** ढालियावास में करीब 34 वर्षीय महिला ने अपने घर में फांसी का फंदा लगाकर जान दे दी। कॉलोनी में रहने वाली रिंकू देवी काफी समय से मानसिक रूप से बीमार चल रही थी। उसका अस्पताल से इलाज चल रहा था। बीमारी से तंग आकर उसने अपने कमरे में फांसी का फंदा लगा लिया। परिजनों ने पता चलने के बाद पुलिस को सूचित किया। सूचना मिलने के बाद मॉडल टाउन थाना पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया।

### पिकअप की टक्कर से बाइक चालक घायल

**रेवाड़ी।** गढ़ी बोलनी रोड पर पिकअप गाड़ी की चपेट में आकर एक बाइक चालक घायल हो गया। लालपुर की ढाणी निवासी राजेंद्र कुमार बाइक लेकर अपने गांव से कसोला चौक की ओर जा रहा था। गढ़ी बोलनी रोड पर एक समारोह स्थल के पास पिकअप गाड़ी ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी, वह बाइक से गिरकर घायल हो गया। पिकअप चालक ने उसे उठाकर अस्पताल पहुंचाया। पहले चालक ने इलाज का खर्च देने की बात कही थी, परंतु बाद में वह मुकर गया। पुलिस ने उसके खिलाफ केस दर्ज कर लिया।

### कंवाली में घर के बाहर खड़ी बाइक चोरी

**डहीना।** कंवाली गांव में चोर एक घर के बाहर खड़ी बाइक चोरी कर ले गए। पुलिस शिकायत में सुमेर सिंह ने बताया कि उसने बाइक घर के सामने खड़ी की थी। इसके बाद वह घर के अंदर चला गया। लगभग एक घंटा बाद जब वह घर से बाहर आया तो उसे बाइक नहीं मिली। आसपास काफी पूछताछ करने के बाद भी बाइक का कोई पता नहीं चला। उसने पुलिस को बाइक चोरी की सूचना दी।

### चोरी के केस में आरोपी प्रोडक्शन वारंट पर

**धारूहेड़ा।** थाना धारूहेड़ा पुलिस ने चोरी के मामले में एक आरोपी को कोर्ट से प्रोडक्शन वारंट पर लिया है। पुलिस ने गत 12 मार्च को थाना क्षेत्र में हुई चोरी की वारदात के बाद केस दर्ज किया था। जांच के बाद पुलिस ने इस मामले में नूंह के फिरोजपुर नमक निवासी वारिश को कोर्ट से प्रोडक्शन वारंट पर लिया है। किसी अन्य मामले में जेल में बंद चला आ रहा है।

## बस संचालक पर जबरन किराया वसूलने का आरोप

# परिवहन विभाग ने लिया शिकायत पर तुरंत संज्ञान

- केंद्रीय विश्वविद्यालय के छात्र विवेक ने मुख्यमंत्री व रोडवेज महाप्रबंधक को दी शिकायत
- रोडवेज महाप्रबंधक ने आरटीए को शिकायत पर कार्रवाई के लिए लिखा पत्र



महेंद्रगढ़। बस स्टैंड महेंद्रगढ़। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

प्रदेश सरकार द्वारा स्कूल व कॉलेज के विद्यार्थियों को दी गई बस पास सुविधा विद्यार्थियों के लिए परेशानी बन चुकी है। अक्सर परमिट संचालक विद्यार्थियों के बस पास मान्य नहीं करते तथा विद्यार्थियों जबदस्ती किराया वसूल करते है। ऐसा ही मामला नारनौल-दादरी मार्ग पर केंद्रीय विश्वविद्यालय के छात्र के साथ घटित हुआ। केंद्रीय विश्वविद्यालय के छात्र विवेक ने इसकी शिकायत प्रदेश के मुख्यमंत्री व रोडवेज महाप्रबंधक को दी है।

रोडवेज महाप्रबंधक ने शिकायत पर संज्ञान लेते हुए आरटीए विभाग को पत्र लिखकर परमिट बस संचालक के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिए है। छात्र विवेक ने बताया कि प्रदेश सरकार ने सरकारी कॉलेज और स्कूलों में पढ़ने वाली छात्राओं के लिए रोडवेज बसों की तर्ज पर सोसायटी की बसों में भी मुफ्त यात्रा का प्रावधान किया हुआ है। इसके साथ ही प्राइवेट कॉलेज में पढ़ने वाली छात्राओं के लिए पास की सुविधा दी हुई है लेकिन सोसायटी बस आपरेटर मुफ्त की यात्रा के नियम ही नहीं मानते।



शीतल



तृप्ति सैनी



विवेक

### इंसानियत तो बची ही नहीं : सैनी

एबीवीपी केंद्रीय कार्यसमिति सदस्य तृप्ति सैनी का कहना है कि निजी बस चालक छात्राओं के साथ ऐसा व्यवहार करते है कि कोई इंसानियत तो बची ही नहीं। वैसे तो सरकार ने विद्यार्थी बस पास की दूरी सीमा 60 किमी से बढ़ाकर 150 किमी कर बड़ी राहत देने के दावे कर रही है, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही है। निजी बसों में हरदिन छात्राओं से अभद्रता की जाती है।

### ये है नियम

9 जुलाई 2003 को हरियाणा सरकार के प्रकाशित गजट में खास तौर से इस बात का जिक्र किया गया है कि प्रदेश की सरकारी बसों में पास बनवाकर यात्रा करने वाले यात्री निजी बसों में भी इसका प्रयोग कर सकते हैं। इसका उल्लेख गजट के पेज नंबर 1270 पर स्पष्ट लिखा गया है कि निजी बस संचालक, विद्यार्थियों, अन्य रियायती या निःशुल्क पास धारकों को अपनी बसों में उसी तरह ले जाने को बाध्य होंगे, जैसे रोडवेज की बसों में लागू किया गया है। राज्य परिवहन के स्कीम नंबर 6379 में प्रकाशित नियमावली के अनुसार स्वतंत्रता सेनानी, विधायक, मीडिया पर्सन, नेत्रहीन, 100 प्रतिशत विकलांग छात्राएं रोडवेज की बसों की तरह ही निजी बसों में भी मुफ्त यात्रा कर सकते हैं।

### पूरे रास्ते में करते हैं झगड़ा

छात्रा शीतल का कहना है कि बस पास की सुविधाएं होने के बावजूद भी टिकट लेनी पड़ती है। यदि न ले तो पूरे सफर तक चालक व परिचालक झगड़ते रहते हैं। कॉलेज द्वारा दिए गए पास को मान्य करने से इंकार करते है।

# अटेली अस्पताल में कर्मचारियों को फायर सेफ्टी की दी जानकारी

- 14 से 20 अप्रैल तक मनाया जा रहा फायर सेफ्टी पखवाड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडी अटेली



मंडी अटेली। अस्पताल में फायर सेफ्टी की जानकारी देते हुए। फोटो : हरिभूमि

इस माह 14 अप्रैल से 20 अप्रैल तक फायर सेफ्टी पखवाड़ा मनाया जा रहा है। यह आयोजन 14 अप्रैल 1944 को समुद्र बंदरगाह पर हुए बड़े अग्निकांड की याद में किया जा रहा है। अग्निशमन केंद्र की टीम सरकारी भवनों, स्कूलों और भीड़भाड़ वाले इलाकों में जाकर लोगों को आग से बचाव की जानकारी दे रही है।

शुक्रवार को अटेली के सामान्य अस्पताल में कर्मचारियों को फायर सेफ्टी की ट्रेनिंग दी गई, जिसमें मॉक ड्रिल कर आग लगने की स्थिति में क्या करना है, यह सिखाया गया। बताया गया कि आग लगते ही तुरंत 112 नंबर पर कॉल करें। अपनी लोकेशन साफ-साफ बताएं, ताकि मदद समय पर पहुंच सके।

फायर अधिकारी राजवीर सिंह व संदीप कुमार ने ट्रेनिंग के दौरान कर्मचारियों को यह भी बताया गया कि आग कई कारणों से लग सकती है। जैसे बिजली के तारों में, तेल, मेटल या गैस में। ऐसी स्थिति में सबसे जरूरी है कि आग तक ऑक्सीजन न पहुंचे। जब ऑक्सीजन नहीं पहुंचेगी, तभी आग पर काबू पाया जा सकता है।

# गाड़ी में लिफ्ट देकर मारपीट, नकदी छीनने के मामले में दो गिरफ्तार

- आरोपियों से पूछताछ कर वारदात में प्रयोग की गई बुलेरो गाड़ी बरामद की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

गांव छोड़ने के बहाने गाड़ी में बैठाकर मारपीट करने, गले से चेन तोड़ने, नकदी व फोन छीनने के मामले में पुलिस ने दो आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है।

आरोपितों की पहचान अरुण वासी गहली व अनिल वासी श्यामकलान चरखी दादरी के रूप में हुई। आरोपितों ने शहर क्षेत्र में सिंघाना रोड से भांखरी जाने वाले एक व्यक्ति को गाड़ी में लिफ्ट दी थी, रास्ते में आरोपितों ने उसके साथ मारपीट कर नकदी व फोन छीन लिया था। थोड़ी देर बाद आरोपित फोन फेंककर चले गए थे। मामले में पूछताछ करते हुए पुलिस ने वारदात में प्रयोग की गई बुलेरो गाड़ी बरामद कर जब्त कर ली है। आरोपितों को न्यायालय में पेश किया गया। गांव भांखरी वासी शिकायतकर्ता गजेन्द्र ने सिटी शहर में शिकायत दी कि उसने बालाजी आप्टिकल के नाम से दुकान कर रखी है। पीड़ित ने बताया कि 16 अप्रैल दोपहर लगभग दो बजे अपनी दुकान बढ़ाकर घर जाने के लिए कैनरा बैंक के सामने सिंघाना रोड पर बस के इंतजार मे खडा था। वहां खड़ी बोलेरो गाडी में बैठे युवक उससे पूछने लगे कि कहां जाना है, तो उसने गांव भांखरी का नाम लिया। इस पर उन्होंने कहा कि वो उधर ही जा रहे है और उसे भी छोड़ देंगे। शिकायतकर्ता ने मना कर दिया, लेकिन उनके बार बार कहने पर वह उनके साथ गाड़ी में बैठ गया। गाड़ी के अन्दर तीन लड़के बैठे थे। जिन्होंने सिघाना रोड पर नहर कच्चे रास्ते की तरफ गाड़ी मोड़ दी। शिकायतकर्ता ने उनसे कहा कि उसे भांखरी जाना है। इतना सुनते ही लड़कों ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी और उसके गले से चांदी की चेन तोड़ ली, उसकी जेब से रुपये निकाल लिए व उसका फोन छीन लिया। इसके बाद वह उसे गाड़ी से बाहर फेंककर चले गए।

# लोगों के सहयोग से अपराधों पर लगाया जाएगा अंकुशः विद्यासागर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

इंस्पेक्टर विद्यासागर अब रामपुरा थाने के नए प्रभारी होंगे। इससे पहले थाने में एसआई मनीष कार्यभार देख रहे थे। विद्यासागर ने रामपुरा थाने में पदभार संभाल लिया है।

शुक्रवार को रामपुरा के सरपंच नरेश यादव, समाजसेवी प्रदीप ठेकेदार नारायणपुर, सरपंच हेमंत नंगली गोधा और सरपंच प्रतिनिधि दीपक यादव हुसैनपुर ने थाना प्रभारी का स्वागत किया।

इंस्पेक्टर विद्यासागर ने कहा कि स्थानीय लोगों के सहयोग से क्षेत्र में कानून व्यवस्था को मजबूत करके अपराधों पर अंकुश लगाया जाएगा। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायतों व सामाजिक संगठनों के सहयोग से नशे के खिलाफ मुहिम चलाई जाएगी।



रेवाड़ी। विद्यासागर का स्वागत करते प्रतिनिधि। फोटो :हरिभूमि

# दाखिला बढ़ाने व बाल विवाह रोकने पर दिया जोर

- पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय स्टाफ ने निकाली साइकिल यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

प्रवेश उत्सव के पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नायन के प्राचार्य डा. महिपाल सिंह के नेतृत्व में गांव-गांव व ढाणी-ढाणी साइकिल यात्रा निकाली गई। करीब 15 किलोमीटर चली इस साइकिल रैली में विद्यालय स्टॉफ ने बच्चों एवं उनके अभिभावकों से मिलकर विद्यालय की उपलब्धियां गिनवाई तथा उन्हें विद्यालय की सुविधाओं एवं सरकार की योजनाओं से अवगत कराया। इस साइकिल यात्रा को सुबह विद्यालय के प्राचार्य ने हरी झंडी दिखाकर विद्यालय प्रांगण से ग्रामीणों से मिलने के लिए रवाना किया। साइकिल यात्रियों ने लोगों को शिक्षा के महत्व के बारे में बताया और जगह-जगह नुक्कड़ सभाएं कर प्राचार्य ने भी ग्रामीणों को संबोधित किया। प्राचार्य ने बताया कि यह साइकिल रैली दाखिला बढ़ाने के लिए एक अनौखी पहल है। इस अवसर पर गांव नायन व आसपास के गांवों व ढाणियों में बाल विवाह पर पूर्ण रोक लगाने के लिए भी जगह-जगह लोगों को संबोधित किया।

बाल विवाह पर रोक लगाने के लिए समाज को जागरूक किया गया। बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए लोगों को प्रेरित किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने स्लोगन लिखी तख्तियों से जागरूकता फैलाई। इस अवसर पर गांव व समाज के प्रबुद्ध लोगों के साथ-साथ विद्यालय का समस्त स्टॉफ भी जागरूकता रैली में उपस्थित रहा। रैली वापस विद्यालय लौटने पर प्राचार्य डा. महिपाल सिंह ने सभी का तहेदिल से धन्यवाद किया।



नारनौल। जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते प्राचार्य डा. महिपाल सिंह। फोटो : हरिभूमि

# ग्रामीणों को दी साइबर धोखाधड़ी के बारे में जानकारी

- ग्रामीणों को मौलिक अधिकार एवं उनके कर्तव्यों के बारे में भी बताया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी शैलजा गुप्ता के निदेर्शानुसार तथा उपमंडल विधिक सेवा समिति के अध्यक्ष गौरव खटाना एसडीजेएम के तत्वावधान में शुक्रवार को गांव खातोद में न्याय रक्षक शशि बाला, आधार मित्र ललिता एवं साइबर टीम में सुमित्रा देवी व राहुल ने साइबर धोखाधड़ी के बारे मे जानकारी दी।

एडवोकेट शशि बाला ने बताया कि साइबर ठग अनजान कॉल या मैसेज के माध्यम से ओटीपी लेकर बैंक खातों से पैसे की चोरी, एनीडेस्क स्कैम, सोशल मीड़िया फ्रॉड, फेक लॉटरी, जॉब आफर स्कैम, केवाईसी फ्रॉड आदि तरकीब अपनाकर धोखाधड़ी कर रहे है। सतकर्ता बरतने से ही बचाव संभव है। उन्होंने कहा कि साइबर धोखाधड़ी होने पर 1930 पर कॉल करें।

साइबर क्राइम करने पर अपराधियों को सजा के रूप मे कोर्ट द्वारा जुमार्ना और दंड दिया जाता है। साइबर अपराध में ईमेल कपट, साइबर मानहानि, आनलाइन जुआ इत्यादि आते है। उन्होंने ग्रामीणों को मौलिक अधिकार एवं उनके कर्तव्यों के बारे मे भी बताया। नाबालिक लड़कियों कि शादी रोकने के बारे में भी जागरूक किया।



महेंद्रगढ़। ग्रामीणों को जानकारी देते साइबर टीम के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

# रंजिश के चलते ट्रैक्टर चालक पर हमला सात लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया

- पुलिस के पहुंचते ही आरोपी मौके से फरार हो गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

आसरा का माजरा में रंजिश के चलते कुछ लोगों ने एक ट्रैक्टर चालक के साथ जमकर मारपीट की। पुलिस ने उसे घायलावस्था में अस्पताल पहुंचाया।

बाद में पुलिस ने सात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज करते हुए उनकी गिररफ्तारी के प्रयास शुरू कर दिए। पुलिस बयान में धनराज ने बताया कि वह और उसका पिता ट्रैक्टर से कार्य करते हैं। ग्राम पंचायत ने डैम बनाने के लिए पंचायत की जमीन पब्लिक विभाग को दी है। विभाग की ओर से जमीन की खुदाई का कार्य ठेकेदार से कराया जा रहा है। वह और उसका पिता वहां से मिट्टी उठाने का कार्य कर रहे हैं। उसने आरोप लगाया कि जब वह ट्रैक्टर लेकर खुदाई वाली जगह पर पहुंचा तो धर्मबीर व उसके परिवार के 6 अन्य सदस्यों ने उस पर हमला कर दिया। उसे टैक्टर से जमीन पर गिराकर मारपीट करने लगे। इसी दौरान उसका पिता भी वहां आ गया। उसके पिता ने बचाव कराने के लिए शोर मचा दिया।

इसी दौरान किसी ने पुलिस को सूचना दे दी। पुलिस के पहुंचते ही आरोपी मौके से फरार हो गए। पुलिस ने उसे अपनी गाड़ी में डालकर बावल अस्पताल पहुंचाया, जहां उसे उसे रेवाड़ी रेफर कर दिया। पुलिस ने उसके बयान पर केस दर्ज करने के बाद चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

### पहले झगड़ा होने के बाद बनी रंजिश

धनराज ने बताया कि उसका पहले दिनेश के साथ 9 अप्रैल को झगड़ा हुआ था। इसके बाद से ही दिनेश व उसके परिवार के सदस्य उसके साथ रंजिश रखे हुए हैं। इनमें से कुछ आरोपी एक अन्य मामले में जमानत पर आए हुए हैं। यह लोग उसे जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद दिनेश, विकास, अंकित व संजीत को गिरफ्तार कर लिया। अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है।



सतनाली मंडी। एसडीएम अनिल कुमार यादव को ज्ञापन सौंपते एबीवीपी सदस्य।

### लोहारू चौक पर बस स्टॉप, टीनशेड व बैठने की व्यवस्था की मांग को लेकर दिया ज्ञापन

**सतनाली मंडी।** सतनाली के लोहारू चौक पर बस स्टॉप, टीनशेड व बैठने की उचित व्यवस्था हेतु एबीवीपी नगर इकाई सतनाली के सदस्यों ने महेंद्रगढ़ में एसडीएम अनिल कुमार यादव को ज्ञापन सौंपा। एबीवीपी प्रान्त कार्यकारिणी सदस्य सोनू कुमार व रेखा वर्मा के नेतृत्व में सौंपे ज्ञापन में बताया कि सतनाली के लोहारू चौक पर बड़ी संख्या में कॉलेज व अन्य शैक्षणिक संस्थानों के विद्यार्थी तथा अन्य यात्री बसों का इंतजार करते हैं, लेकिन यहां बैठने की कोई सुविधा नहीं है। उन्होंने बताया कि गर्मी, सर्दी व बारिश के दिनों में यात्रियों को यहां खड़े होकर बसों का इंतजार करने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है और दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। उन्होंने ज्ञापन में लोहारू चौक पर बैठने की उचित व्यवस्था करने, बस स्टॉप शेड लगाने की मांग की।

## हकेंवि में प्रवाह 2025 का कवि सम्मेलन के साथ हुआ समापन

# श्रृंगार, हास्य व्यंग्य व वीर रस की कविताओं ने दर्शकों का मन

- सहभागियों में नई ऊर्जा के संचार में मददगार साबित होगा आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

गांव जाट पाली स्थित हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में दो दिवसीय प्रवाह कार्यक्रम के अंतर्गत कवि सम्मेलन व पुरस्कार वितरण के साथ समापन हो गया।

विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण अधिष्ठाता कार्यालय एवं कोडिंग क्लब, कम्प्यूटर विज्ञान एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के साझा प्रयासों से आयोजित इस कवि सम्मेलन में हास्य रस, श्रृंगार रस, हास्य व्यंग्य व वीर रस की कविताओं ने सभी का मन मोह लिया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेशवर कुमार ने कहा कि यह आयोजन अवश्य ही सहभागियों में नई ऊर्जा के संचार में मददगार साबित होगा। उन्होंने कहा कि आयोजन में सम्मिलित कवियों विभिन्न रसों में अपनी महारत रखते हैं। अवश्य ही इस आयोजन के माध्यम से प्रतिभागियों को कुछ नया सीखने का अवसर मिलेगा। समकुलपति प्रो. पवन कुमार शर्मा व विश्वविद्यालय की प्रथम महिला प्रो. सुनीता श्रीवास्तव उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में प्रवाह 2025 आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं को भी पुरस्कृत किया गया। समकुलपति प्रो. पवन कुमार शर्मा ने सभी कवियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह आयोजन आनंद का अवसर देने वाला है। कवि अक्सर मनोरंजन के साथ साथ बेहद अनोखे अंदाज में अपनी बात कह जाते हैं, जो कि हमें संवेदनशील विषयों के करीब ले जाते हैं। कार्यक्रम संयोजक डॉ. सुनील बैफलावत ने बताया कि हास्य कवि सुरेश अलबेला, श्रृंगार रस की कवियत्री सपना सोनी, गीतकार अशोक दीप व राम राज राजस्थानी ने अपनी रचनाएं प्रस्तुत की। कोडिंग क्लब के समन्वयक डॉ. सुनील ने बताया कि प्रवाह 2025 के अंतर्गत कोडिंग प्रतियोगिता, ट्रेजर हंट, ई-गेमिंग, वाद-विवाद प्रतियोगिता, इंस्ट्रूमेंटल ऑवर का आयोजन किया गया। वाद विवाद प्रतियोगिता क्या आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस मानव विकास के लिए आवश्यक है में डॉ. देवेंद्र सिंह राजपूत, धर्मेंद्र कुमार मीना और राजेंद्र यादव ने निर्णायक के रूप में अहम भूमिका निभाई। अंत में छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. आनंद शर्मा ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। इस अवसर पर डॉ. जितेंद्र कुमार, डॉ. नीरज कर्ण सिंह, प्रो. केशव सिंह रावत, डॉ. विकास सिवाच तथा डॉ. नितिन गोयल आदि उपस्थित रहे।



महेंद्रगढ़। प्रतियोगिताओं के विजेताओं के साथ कुलपति प्रो. टंकेशवर कुमार व अन्य। फोटो : हरिभूमि

# चिकित्सा उपकरण के लिए आईओसीएल जिले को जल्द देगा 1 करोड़ रुपये

- जिला प्रशासन सीएसआर के तहत सार्वजनिक-निजी भागीदारी को दे रहा बढ़ावा
- प्रशासनिक अधिकारियों की ओर से कंपनियों से व्यक्तिगत रूप से जुटाया जा रहा बजट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

जिला महेंद्रगढ़ में समग्र विकास को बढ़ावा देने के लिए जिला प्रशासन कॉर्पोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी (सीएसआर) के तहत भी विकास कार्य करवाने पर फोकस कर रहा है। जल्द ही जिला को सीएसआर के तहत एक करोड़ रुपये के चिकित्सा उपकरण मिलेंगे। विभिन्न कंपनियों से प्रशासनिक अधिकारियों की ओर से खुद व्यक्तिगत तौर से संपर्क करके विकास कार्यों के लिए बजट जुटाया जा रहा है। यह जानकारी देते हुए अतिरिक्त उपायुक्त डा. आनंद कुमार शर्मा ने बताया कि इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड यह चिकित्सा उपकरण मुहैया कराएगा।

उन्होंने बताया कि जिले के गांव बिहाली, कांटी तथा सिलारपुर में सरकारी स्कूलों में 10-10 कंप्यूटर तथा दो-दो प्रिंटर लगाने के लिए भी एनटीपीसी की ओर से 18.41 लाख रुपये की मांग की गई है। इसी प्रकार गांव दनचौली में खेल मैदान में 400 मीटर ट्रैक के बीच में 18.51 लाख रुपये की लागत से हाई मास्क लाइट लगाने के लिए भी एनटीपीसी को लिखा गया है। इसके अलावा शहर में स्वच्छता अभियान को और अधिक गति देने के लिए पावर ग्रिड कारपोरेशन ऑफ इंडिया को 18.60 लाख रुपये की लागत से तीन ट्रैक्टर ट्राली की डिमांड की गई है। इसी प्रकार जिला लाइब्रेरी के लिए भी हरियाणा मेडिकल सर्विस कॉरपोरेशन लिमिटेड 20 लाख रुपये की वित्तीय मदद सीएसआर से कार्य चल रहा है।

### एमओयू साइन

जिले के गांव नीरपुर (राजपूत) में खेल मैदान में ट्रैक बनाने के लिए भी हरियाणा मेडिकल सर्विस कॉरपोरेशन लिमिटेड 20 लाख रुपये की वित्तीय सहायता दी है। वहीं जिले की छह आंगनबाड़ियों को भी लगभग 30 लाख रुपये की आर्थिक सहायता हरियाणा मेडिकल सर्विस कॉरपोरेशन लिमिटेड ने दी है। उन्होंने बताया कि इससे पहले पावर ग्रिड कारपोरेशन ऑफ इंडिया ने सीएसआर के तहत कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय नियामतपुर के लिए पुस्तकालय व कंप्यूटर लैब के लिए 3498885 रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान करने एमओयू साइन हो चुका है। यह कार्य जल्द शुरू होने वाला है। उन्होंने बताया कि पिछले साल ऐलिम्को तथा रेडक्रॉस का एनटीपीसी से हुए एमओयू के तहत जिले के दिव्यांगजनों को लगभग 1.50 करोड़ रुपये के इलेक्ट्रिक तिपहिया साइकिल तथा अन्य उपकरण उपलब्ध करवाए जा चुके हैं।

### कार्यों का उद्देश्य क्षेत्र में विकास को बढ़ावा देना

एडीसी ने बताया कि इन कार्यों का उद्देश्य जिले के निवासियों के जीवन स्तर में सुधार लाना व क्षेत्र के समग्र विकास को बढ़ावा देना है। सीएसआर फंड शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण, खेल, कौशल विकास आदि पर खर्च किया जाता है। जिला प्रशासन का मकसद है कि सोशल रिस्पांसिबिलिटी फंड के लिए कंपनियां तथा व्यापारिक प्रतिष्ठान अपनी सामाजिक जिम्मेदारी समझते हुए विकास कार्यों में अपनी भागीदारी निभाएं। इसके लिए लगातार इनसे संपर्क किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन सभी कॉर्पोरेट संगठनों से अपील करता है कि वे सीएसआर कार्यक्रमों में भाग लें और जिले के विकास में योगदान करें। हमारा उद्देश्य जिले को एक आदर्श जिला बनाना है, जहां सभी निवासियों को बेहतर जीवन जीने के अवसर मिलें।

### दान नहीं समाज के प्रति जिम्मेदारी: एडीसी

एडीसी ने कहा कि सीएसआर पहल का उद्देश्य सतत विकास लक्ष्यों की प्राप्ति की ओर अग्रसर करना तथा सार्वजनिक-निजी भागीदारी को बढ़ावा देना है। उन्होंने कहा कि कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) कोई दान नहीं है, बल्कि समाज के प्रति एक कर्तव्य और जिम्मेदारी है। हमें जो कुछ भी मिला है, उसका एक हिस्सा समाज को लौटाने के उच्चतम मूल्यों से प्रेरित है। उन्होंने कहा कि सामाजिक जिम्मेदारी हमारे संस्कार और प्राचीन भारतीय परंपरा का हिस्सा रही है।

## खबर संक्षेप

### राष्ट्रीय पुरस्कार 2024 के लिए आवेदन मांगे

**नारनौल।** एमएसएमई मंत्रालय भारत सरकार की ओर से एमएसएमई के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार 2024 के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। इच्छुक उद्यमी आगामी 13 मई तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। एमएसएमई मंत्रालय भारत सरकार की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति अनुसार इसमें कुल 44 पुरस्कार हैं। विनिर्माण उद्यमिता के लिए 12, सेवा उद्यमिता के लिए नौ, उद्यमों की विशेष श्रेणी के लिए 14 पुरस्कार, जिसमें महिला उद्यमिता, एससी एसटी श्रेणी, दिव्यांग श्रेणी, एनइआर राज्यों से संबंधित उद्यमी शामिल हैं और एमएसएमई को संस्थागत समर्थन के लिए नौ पुरस्कार हैं।

### खेतों में आगजनी करने के आरोप में नामजद

**कनीना।** गांव कोका में फसल के खेत में आगजनी की नियत से घास फूस में आग लगाने व मारपीट करने के आरोप में पुलिस ने केस दर्ज किया है। इस बारे में कोका निवासी अमीलाल नम्बरदार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि सुभाष व धर्मबीर में वैचारिक मतभेद पनप रहे थे। जिनका आपसी फैसला करवाने के लिए वह भी कनीना थाना में आया था। इससे रंजिश रखते हुए सुभाष ने सायं करीब साढ़े पांच बजे उनके द्वारा बिजाई किए गए गेहूं व सरसों के खेत के समीप मेंढ पर घास फूस में आग लगा दी। वह कुछ दूरी पर ही था, जिसने आग बुझाओ आग बुझाओ की आवाज दी तो बीरसिंह के खेत में जुताई कर रहे ट्रैक्टर से घास फूस का कनेक्शन काट दिया।

### एक पार्षद के किसी भी गुट में नहीं जाने से बनी स्थगन की स्थिति

# अटेली नगर पालिका के उपप्रधान पद का चुनाव स्थगित, पत्र जारी

अब चुनाव के लिए नई बैठक का एजेंडा जारी होने के बाद ही उपप्रधान के लिए चुनाव होंगे।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडी अटेली

नगर पालिका अटेली के उपप्रधान का चुनाव स्थगित हो गया है। इस बाबत चुनाव अधिकारी द्वारा प्रशासनिक कारणों से चुनाव स्थगित होने का पत्र जारी किया गया है। बता दें कि चार दिन पहले ही उपप्रधान के चुनाव के लिए नोटिफिकेशन जारी किया था। अब चुनाव के लिए नई बैठक का एजेंडा जारी होने के बाद ही उपप्रधान के लिए चुनाव होंगे। भरोसेमंद सूत्रों का कहना है कि किसी भी गुट के पास कोरम नहीं होने से जिला प्रशासन ने आनन-फानन में प्रशासनिक कारणों का हवाला देकर चुनाव स्थगित किया है। जानकारी के अनुसार दो अलग-अलग गुटों के पास-पास कुल 12 पार्षदों में छह–छह पार्षद होने तथा सातवां पार्षद मौजूद नहीं होने से कोरम पूरा नहीं हो रहा था। वार्ड नंबर तीन से प्रेमलता देवी किसी भी गुट में नहीं होने तथा देर रात्रि को ही उसके पति बिरेंद्र स्वास्थ्य मंत्री आरती राव के चंडीगढ़ स्थित निवास पर पहुंचे थे और शुक्रवार सुबह मुलाकात कर अपने वोट का अधिकार मंत्री को सौंपा था। वहीं इससे पहले चार पार्षदों ने भी स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव से बृहस्पतिवार रात्रि को भेंट की थी। वहीं नपा के चेयरमैन संजय गोयल ने भी सोशल मीडिया में बयान जारी कर कहा है कि कैबिनेट मंत्री के अनुंशसा पर ही उपप्रधान बनेगा। उन्होंने कहा कि सभी पार्षद एकजुट होकर मंत्री के मार्गदर्शन में कार्य कर रहे हैं। अगर चुनाव निर्विरोध होता है तो शहर के लिए बेहतर होगा। कुछ भी हो, लेकिन वार्ड तीन से निर्वाचित पार्षद प्रेमलता के किसी भी गुट में नहीं जाने तथा रामपुरा हाउस व मंत्री आरती सिंह राव के कहने पर अपना वोट का प्रयोग करने की बात कही। दोनों गुटों में किसी का फोन नहीं उठाने पर देर रात तक उनकी लोकेशन तलाशने के लिए रात भर व सुबह तक कोशिश चलती रही।



मंडी अटेली। स्वास्थ्य मंत्री के चंडीगढ़ आवास पर मिलते हुए अटेली नगर पालिका के चार पार्षद। फोटो: हरिभूमि



मंडी अटेली। वार्ड नबर तीन से पार्षद प्रेमलता के पति बिरेंद्र स्वास्थ्य मंत्री आरती राव के चंडीगढ़ आवास पर मिलते हुए, जिसके कारण चुनाव टला।

### वैश्य समुदाय का चेयरमैन

प्रत्यक्ष रूप से नपा के गत दो मार्च को हुए चुनावों में कस्बे के मतदाताओं ने वैश्य समुदाय के व्यक्ति को चेयरमैन चुना है। उपप्रधान पद के लिए महिला पार्षद बनने की अटकलें तेज हो रही हैं। कस्बे में कुल 12 पार्षदों में चार महिला पार्षद निर्वाचित हुई हैं। उपप्रधान पद नियुक्त होने पर फाइनेंस कंट्रोल कमेटी गठित (एफसीसी) होती है, उसके बाद विकास कार्यों में गति पकड़ते हैं। वैसे नपा चुनाव में स्थानीय विधायक व स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने चुनावों में किसी प्रकार की दखल नहीं की, लेकिन उपप्रधान के चुनावों में उनका क्या रोल रहता है तो यह तो भविष्य के गर्भ में है, लेकि अब दोनों गुटों के पार्षदों ने मंत्री व स्थानीय विधायक की सहमति से उपप्रधान के लिए वोट करने की बात कर रहे हैं। इससे प्रतीत होता है कि अब उनकी पसंद से ही उपप्रधान बनेगा, वह चाहे कोई भी हो।

### कुल 12 हैं वार्ड पार्षद

बता दें कि अटेली नगर पालिका के कुल 12 वार्ड हैं। उपप्रधान के चुनाव के कोरम के लिए सात पार्षद अनिवार्य हैं। स्वास्थ्य मंत्री से बृहस्पतिवार को मिलने वाले पार्षद वार्ड नंबर एक की पार्षद शर्मिला देवी के प्रतिनिधि आनंद शर्मा, वार्ड नंबर आठ से अंशुल गोयल, वार्ड नंबर 11 से मनफूल तथा वार्ड नंबर 12 से रामकिशन मिले। इस घटनाक्रम के बाद उपप्रधान का चुनाव टाल दिया गया है।

### कनीना नपा उपप्रधान चुनाव भी स्थगित

**कनीना।** नगरपालिका चुनाव के करीब डेढ़ माह बाद उप प्रधान पद के चयन की कवायद तेज हो गई है। बता दें कि इस बार नपा प्रधान पद के लिए सीधा चुनाव हुआ था। यह पद महिला के लिए रिजर्व किया गया था। जिसमें डा. रिंपी कुमारी ने अपनी प्रतिद्वंद्वी सुमन यादव को 566 मतों से पराजित किया था। उप प्रधान पद का चुनाव चुने गए मेंम्बरों की ओर से किया जाना है। जिसकी प्रक्रिया जारी है। इस बारे में चुनाव अधिकारी एसडीएम डा. जितेंद्र सिंह अहलावत ने बताया कि 18 अप्रैल को ये चुनाव निर्धारित किए गए थे, लेकिन अपरिहार्य कारणों से नहीं करवाए जा सके।

# पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में छात्राओं ने दिखाई प्रतिभा



महेंद्रगढ़। प्रतियोगिता के विजेता छात्राओं के साथ कॉलेज स्टॉफ सदस्य।

- राजकीय महिला महाविद्यालय में पोषण पखवाड़ा के तहत कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

राजकीय महिला महाविद्यालय में पोषण पखवाड़ा-2025 के सातवें संस्करण के अंतर्गत एक पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता महाविद्यालय की कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. मक्खन सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई, जिसमें राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. किरण, डॉ. ज्योति शर्मा (वाणिज्य विभाग) तथा प्रो. नवीन कुमार का विशेष सहयोग रहा। गौरतलब है कि भारत सरकार द्वारा संचालित पोषण पखवाड़ा हर वर्ष 8 अप्रैल से 22 अप्रैल के बीच मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य गर्भवती महिलाओं, स्तनपान कराने वाली माताओं, किशोरियों एवं छह वर्ष से कम उम्र के बच्चों में पोषण संबंधी परिणामों को सुधारना तथा समाज में संतुलित एवं पौष्टिक आहार के प्रति जनजागरूकता पैदा करना है।

इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए महाविद्यालय में आयोजित इस पोस्टर प्रतियोगिता में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता के माध्यम से छात्राओं ने पोषण से संबंधित महत्त्वपूर्ण जानकारी को रचनात्मक ढंग से प्रस्तुत किया, जिससे महाविद्यालय परिसर में जागरूकता का वातावरण बना। प्रतियोगिता में छात्राओं ने संतुलित आहार एवं पोषण से जुड़ी रचनात्मक प्रस्तुति दी। प्रतियोतिगता छात्रा विनी (बीए प्रथम वर्ष) ने प्रथम स्थान, निशु (बीए इंग्लिश ऑनर्स) ने द्वितीय स्थान तथा सोमवती (बीए प्रथम वर्ष) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्राचार्य डॉ. मक्खन सिंह ने विजेताओं को बधाई देते हुए ऐसी गतिविधियों को छात्राओं के सर्वांगीण विकास में सहायक बताया।

# एडीसी ने समाधान शिविर की समीक्षा बैठक ली




नारनौल। अधिकारियों की बैठक लेते एडीसी डा. आनंद कुमार शर्मा। फोटो: हरिभूमि

- नवंबर से अब तक जिले के 1186 नागरिकों ने रखी अपनी समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

हरियाणा सरकार के निर्देश पर लगाए जा रहे समाधान शिविर आम नागरिकों की शिकायतों के त्वरित समाधान का बेहतरीन प्लेटफार्म है। पिछले वर्ष नवंबर से अब तक जिला महेंद्रगढ़ में लगाए गए इन समाधान शिविरों में 1186 नागरिकों ने अपनी समस्याएं रखी है। अधिकारी यहां रखी जाने वाली प्रत्येक शिकायत को पूरी गंभीरता के साथ सुनें। यह निर्देश अतिरिक्त उपायुक्त डा. आनंद कुमार शर्मा ने शुक्रवार को समाधान शिविर को लेकर बुलाई समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिए। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक पूजा वशिष्ठ भी मौजूद थी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक शिकायत की एक्शन टेकन रिपोर्ट सही तरीके से दी जाए। जिला लेवल व मुख्यालय लेवल पर प्रत्येक रिजेक्ट की गई शिकायत की भी समीक्षा की जाती है। सभी शिकायतें समाधान प्रकोष्ठ में भेजी जाती हैं, जहां पर मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से प्रत्येक शिकायत पर नजर होती है। उन्होंने कहा कि अब सरकार के निर्देश अनुसार प्रत्येक सोमवार व वीरवार को सुबह 10 से 12 बजे तक जिला स्तर तथा उप मंडल स्तर पर समाधान शिविरों का आयोजन किया जाता है।

# चीफ सेक्रेटरी ने नार्कोटिक्स के संबंध में अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक

- कोई अवैध नशीली दवाइयां बेचते हुए पाए जाने पर करें कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

हरियाणा के चीफ सेक्रेटरी अनुराग रस्तोगी ने शुक्रवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश के सभी जिलों के उच्च अधिकारियों के साथ नार्कोटिक्स कोऑर्डिनेशन सेंटर (नकोर्ड) के संबंध में एक महत्वपूर्ण बैठक की। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य नशीली दवाओं के दुरुपयोग और तस्करी पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करना है। इस बैठक में पुलिस अधीक्षक पूजा वशिष्ठ, अतिरिक्त उपायुक्त आनंद कुमार मौजूद रहे। बैठक की शुरूआत में चीफ सेक्रेटरी ने पिछली बैठक में लिए गए निर्णयों और उन पर हुई कार्रवाई की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने कुछ बिंदुओं पर ओर तेजी लाने के निर्देश दिए। आज की बैठक में नशीली दवाओं के खतरे से निपटने के लिए कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा हुई। चीफ सेक्रेटरी अनुराग रस्तोगी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे इन बिंदुओं को धरातल पर सख्ती से लागू करें। उन्होंने कहा कि नशे की समस्या एक गंभीर सामाजिक बुराई है, जिसके खिलाफ सामूहिक और समन्वित प्रयास करने की आवश्यकता है। एडीसी आनंद कुमार ने बताया कि साइक्लोथोन 2.0 साइकिल रैली में नशा मुक्त जीवन नायाब जीवन का संदेश देने और नशे के खिलाफ समाज में जागरूकता फैलाने की लेकर जिले के लोगों ने जोश व उत्साह के साथ भाग लिया। जिला महेंद्रगढ़ के ड्रग कंट्रोल ऑफिसर को निर्देश दिए कि चैकिंग अभियान चलाकर केमिस्ट शॉप को चेक करें, कहीं कोई अवैध नशीली दवाइयां तो नहीं बेच रहा और ऐसा करने वाले के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई करें।

पुलिस अधीक्षक पूजा वशिष्ठ ने बताया कि नशे के दुष्प्रभावों और इसके कानूनी परिणामों के बारे में व्यापक जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान में महेंद्रगढ़ पुलिस स्कूलों, कॉलेजों, पंचायतों और अन्य सामुदायिक मंचों के माध्यम से समाज के हर वर्ग तक नशा मुक्त जीवन नायाब जीवन का संदेश पहुंचा रही है और नशे के खिलाफ जागरूक कर रही है। चीफ सेक्रेटरी ने सभी अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि नशे के खिलाफ इस लड़ाई को पूरी गंभीरता और प्रतिबद्धता के साथ लड़ा जाए। उन्होंने कहा कि सरकार इस समस्या को जड़ से खत्म करने के लिए दृढ़ संकल्पित है। बैठक के अंत में चीफ सेक्रेटरी अनुराग रस्तोगी ने अधिकारियों से नियमित रूप से प्रगति रिपोर्ट भेजने और इस दिशा में किए जा रहे प्रयासों को सूचित करने का आग्रह किया।

# यदुवंशी कॉलेज में मनाई तात्या टोपे की पुण्यतिथि



नारनौल। कार्यक्रम में मौजूद विद्यार्थी। फोटो: हरिभूमि

- विद्यार्थियों को बताया कि सेना नायक पढ़ो और फिर लड़ो का नारा लगवाया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल


भारत के प्रथम स्वाधीनता संग्राम के प्रमुख सेनानायक तात्या टोपे की पुण्यतिथि यदुवंशी डिग्री कॉलेज में मनाई गई। प्राचार्य बजरंग लाल लाल ने बताया कि तात्या टोपे 1857 में कानपुर में इस्ट इंडिया कम्पनी की भारतीय सेना को पराजित किया था और वह विद्रोह के भारतीय नेता थे। उपप्राचार्या सोनल यादव ने कहा कि सेनानायक टोपे अपनी गुरिल्ला रणनीति के लिए कुख्यात थे, जिससे अंग्रेज भयभीत थे। संस्था डायरेक्टर सुरेश यादव ने संबोधित करते हुए विद्यार्थियों को बताया कि सेनानायक की छतरी सीकर में हैं और उनका स्मृति स्मारक भी वहीं पर बना हुआ है। डा. प्रदीप यादव ने कहा कि रानी लक्ष्मीबाई ने अंग्रेजों के खिलाफ तात्या टोपे के साथ लड़ाई लड़ी थी और वह स्वाधीनता संग्राम के एक प्रमुख सेनानायक थे। यदुवंशी एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन व पूर्व विधायक राव बहादुर सिंह ने तात्या टोपे को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए विद्यार्थियों को बताया कि सेना नायक पढ़ो और फिर लड़ो का नारा लगाया करते थे।

# आरपीएस की छात्रा भव्या गुणवाल ने अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में जीता गोल्ड

- ओलंपियाड 2 से 11 दिसंबर तक बुखारेस्ट में आयोजित हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

आरपीएस नारनौल की छात्रा भव्या गुणवाल पुत्री डॉ. अनिल कुमार यादव ने इंटरनेशनल जूनियर साईंस ओलंपियाड 2024 में गोल्ड मेडल जीतकर अपने विद्यालय, माता-पिता एवं पूरे प्रदेश व देश का नाम रोशन किया है। गौरतलब है कि इंटरनेशनल जूनियर साईंस ओलंपियाड 2 से 11 दिसंबर तक रोमानिया की राजधानी बुखारेस्ट में आयोजित हुआ। इस अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भव्या गुणवाल ने टीम इंडिया का प्रतिनिधित्व किया तथा अन्य सभी देशों की टीमों को पछाड़ते हुए गोल्ड मेडल जीता। वहां आयोजित व्यक्तिगत प्रतियोगिता में भी भव्या ने जीव विज्ञान में गोल्ड मेडल जीता।



छात्रा भव्या

छात्रा भव्या गुणवाल शुरू से ही आरपीएस नारनौल की होनहार छात्रा रही हैं, जिन्होने राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में अनेक पुरस्कार प्राप्त किए हैं। वर्ष 2024 में विशिष्ट उपलब्धि के लिए हरियाणा राज्य विज्ञान, नवाचार एवं प्रौद्योगिकी परिषद, हरियाणा सरकार द्वारा आगामी 22 अप्रैल को पंचकुला में भव्या गुणवाल को ढ़ाई लाख रुपये एवं प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। इस उपलब्धि पर आरपीएस ग्रुप की चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव ने भव्या गुणवाल, उनके माता-पिता एवं सभी अध्यापकों को बधाई देते हुए कहा कि आरपीएस नारनौल देश का पहला स्कूल बन गया है, जिसने लगातार दो सालों तक अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में सफलता का परचम लहराया है। संस्था के सीईओ मनीष राव ने भव्या गुणवाल, उनके माता-पिता तथा सभी अध्यापकों को बधाई दी।

### अवैध गतिविधियों को रोकने के लिए समन्वय हो स्थापित: एसपी

# होटल संचालकों के साथ बैठक, रजिस्टर मेंटेन रखें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

पुलिस अधीक्षक पूजा वशिष्ठ ने शुक्रवार को अपने कार्यालय में जिले के सभी होटल संचालकों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य जिले में कानून व्यवस्था बनाए रखने और होटलों में किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधियों को रोकने के लिए होटल संचालकों के साथ समन्वय स्थापित करना था। इस बैठक में डीएसपी हरदीप सिंह भी मौजूद रहे।

बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक ने होटल संचालकों को महत्वपूर्ण निर्देश देते हुए कहा कि होटल में ठहरने वाले प्रत्येक व्यक्ति की आईडी लें और रजिस्टर में दर्ज करें। उन्होंने कहा कि 18 वर्ष की कम आयु के बच्चों को कमरा किराए पर न दें। व्यक्ति को कमरा किराए पर दें, उसका नाम, मोबाइल नंबर, पता रजिस्टर में लिखें। होटल में सीसीटीवी कैमरे 24 घंटे चालू रखे, यदि कैमरे खराब हैं तो उन्हें चालू कराएं। इसके अतिरिक्त उन्होंने कहा कि हर समय पोर्टल पर अपने होटल की डिटेल्स दर्ज करें।



नारनौल। होटल संचालकों के साथ बैठक करती एसपी पूजा वशिष्ठ।

### ठहरने वाले प्रत्येक व्यक्ति का रिकार्ड रखें

सभी होटल संचालकों को निर्देशित किया गया कि वे अपने होटल में ठहरने वाले प्रत्येक व्यक्ति का विस्तृत और सही रिकॉर्ड एक रजिस्टर में अनिवार्य रूप से रखें। इस रजिस्टर में अतिथि का नाम, पता, पहचान का प्रकार और आईडी नंबर, आगमन और प्रस्थान की तिथि तथा समय स्पष्ट रूप से दर्ज होना चाहिए।

### आईडी की जांच करें

होटल में ठहरने वाले प्रत्येक व्यक्ति की पहचान सुनिश्चित करने के लिएए होटल संचालकों को उनकी वैध आईडी जैसे आधार कार्ड, वोटर आईडी, ड्राइविंग लाइसेंस, पासपोर्ट आदि लेने और उसका रिकॉर्ड रखने के लिए कहा गया। किसी भी संदिग्ध व्यक्ति के बारे में तत्काल पुलिस को सूचित करने के निर्देश दिए गए।

### अनैतिक गतिविधियों पर रोक

पुलिस अधीक्षक ने होटल संचालकों को सख्त निर्देश दिए कि वे अपने परिसरों में किसी भी प्रकार की अनैतिक या अवैध गतिविधियों, जैसे कि देह व्यापार, जुआ, ड्रग्स का सेवन या बिक्री आदि कराएं और न ही किसी को करने दें। यदि ऐसी कोई गतिविधि पुलिस के संज्ञान में आती है, तो उनके खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि होटल संचालक इन निर्देशों का गंभीरता से पालन करें और जिले में शांति व सुरक्षा बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करें। पुलिस अधीक्षक ने भी होटल संचालकों को किसी भी प्रकार की सहायता व मार्गदर्शन प्रदान करने का आश्वासन दिया।